संख्या-04/2026/972/63-व०उ०-2026-09(एच)/2026

प्रेषक,

अनिल कुमार सागर,

प्रमुख सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय,

30प्र0, कानपुर।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनुभाग **लखनऊः दिनांकः 27अगस्त 2026**

विषय- मुख्यमंत्री हथकरघा बुनकर समृद्धि योजना सम्बन्धी दिशा-निर्देश विषयक ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के पत्र संख्या-25 /ह०क०-नियोजन/2026-27 दिनांक-08 अप्रैल 2026 एवं पत्र संख्या-240/ह०क०-नियोजन/2026-27 दिनांक-20 मई 2026 जिसके द्वारा मुख्यमंत्री हथकरघा बुनकर समृद्धि योजना सम्बन्धी दिशा-निर्देश निर्गत किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है |

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक विचारोपरांत मुख्यमंत्री हथकरघा बुनकर समृद्धि योजना सम्बन्धी दिशा-निर्देश अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया है, जोकि संलग्नक-01 पर है। कृपया उपरोक्तानुसार अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक- यथोक्त |

भवदीय,

(अनिल कुमार सागर)

प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक-तदैव ।

प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

2- समस्त सहायक/उप आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोउद्योग, उत्तर प्रदेश |

3- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सुरभि सिंह)

अनु सचिव ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संलग्नक-01

विषय : मुख्यमंत्री हथकरघा बुनकर समृद्धि योजना सम्बन्धी दिशा-निर्देश |

1-प्रस्तावना

हथकरघा क्षेत्र उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी असंगठित आर्थिक गतिविधियों में से एक है और यह ग्रामीण एवं अर्ध-ग्रामीण आजीविका का अभिन्न अंग है, जिसमें 01 लाख से अधिक हथकरघा बुनकर परिवार निर्वहन कर रहे हैं। यह क्षेत्र बड़े पैमाने पर महिलाओं को रोजगार प्रदान करता है। हथकरघा बुनाई भारतीय सांस्कृतिक विरासत के सबसे समृद्ध एवं जीवंत पहलुओं में से एक है। कम पूँजी निवेश, विद्युत का न्यूनतम उपयोग, पर्यावरण-अनुकूल उत्पादन, छोटे बैच में उत्पादन का लचीलापन तथा बाज़ार की आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलता आदि, हथकरघा क्षेत्र की विशेषताएं हैं। डिज़ाइनों की विशिष्टता एवं विशेषता, छोटे बैच में उत्पादन की क्षमता और पर्यावरण-अनुकूल वस्त्र उत्पादन होने के कारण हथकरघा उत्पादों की घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में अत्यधिक मांग है। हथकरघा बुनकर असंगठित होने के कारण बड़े ऑर्डर की आपूर्ति में समस्याओं का सामना करते हैं, क्योंकि उनके पास संगठित उत्पादन प्रणाली नहीं होती। हथकरघा बुनकरों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर पारिश्रमिक और सुनिश्चित बाज़ार उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक है कि बुनियादी ढाँचे का विकास, कौशल उन्नयन, डिज़ाइन एवं उत्पाद विकास, तथा बाज़ार की मांग के अनुसार उत्पादन किए जाएँ, जिससे यह हथकरघा वस्त्र उद्योग, मशीन-निर्मित वस्त्रों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हो सके। प्रतिस्पर्धा और मुक्त व्यापार के अवसरों के परिप्रेक्ष्य में हथकरघा बुनकरों को क्लस्टर में करके एक केंद्रित, संगठित एवं लचीली उत्पादन प्रणाली के माध्यम से हथकरघा क्षेत्र के समग्र विकास की आवश्यकता के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश के हथकरघा बुनकरों हेतु एक नई योजना "मुख्यमंत्री हथकरघा बुनकर समृद्धि योजना" प्रारम्भ की जा रही है।

(2) योजना के मुख्य उद्देश्य:-

a) उत्तर प्रदेश के हथकरघा बुनकरों के लिए क्लस्टर में एक संगठित एवं लचीली उत्पादन प्रणाली का विकास करना।

b) उत्तर प्रदेश के हथकरघा बुनकरों के लिए बुनियादी ढांचे का विकास करना।

c) हथकरघा बुनकरों को प्रशिक्षण दिलाकर उनका कौशल उन्नयन करना।

d) डिजाइन एवं उत्पाद विकास करना।

e) हथकरघा बुनकरों को उनके वस्त्र उत्पादों के लिए सुनिश्चित बाज़ार उपलब्ध कराना।

f) उत्तर प्रदेश के हथकरघा वस्त्र उत्पादों के निर्यात में वृद्धि करना तथा विदेशी मुद्रा अर्जित करना।

g) उत्तर प्रदेश के हथकरघा बुनकरों को बेहतर पारिश्रमिक दिलाना।

(3) हथकरघा क्लस्टर :-

a) योजनान्तर्गत हथकरघा क्लस्टर का गठन :-

i. न्यूनतम 25 अथवा 25 से अधिक हथकरघा बुनकरों के समूह द्वारा एक हथकरघा क्लस्टर गठित किया जायेगा तथा गठित क्लस्टर को समिति अथवा इकाई अथवा फर्म के रूप में पंजीकृत कराया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

- समिति के रूप में क्लस्टर का पंजीकरण "सोसाइटी एक्ट-1860" के तहत सम्बन्धित निबन्धक कार्यालय से कराया जायेगा। **अथवा**
- बुनकर सहकारी समिति के रूप में क्लस्टर का पंजीकरण "उ०प्र० सहकारी समिति अधिनियम-1965" के तहत हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय के परिक्षेत्रीय कार्यालय के माध्यम से कराया जायेगा। **अथवा**
- इकाई अथवा फर्म के रूप में क्लस्टर का पंजीकरण "उद्यम आधार पोर्टल" अथवा "मिनिस्ट्री ऑफ कार्पोरेट अफेयर्स के वेबसाइट" पर कराया जायेगा।
- क्लस्टर के पंजीकरण हेतु हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग के सम्बन्धित परिक्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा।

ii. यदि कोई निजी इकाई योजनान्तर्गत हथकरघा क्लस्टर का विकास करना चाहती है, तो उस स्थिति में वह इकाई प्रदेश के 25 अथवा 25 से अधिक हथकरघा बुनकरों का समूह गठित करके अपनी इकाई का एक पृथक भाग बनाकर, उ0प्र0 में पंजीकृत करके, क्लस्टर के रूप में क्रियान्वित कर सकती है।

iii. यदि कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह योजनान्तर्गत हथकरघा क्लस्टर का विकास करने का इच्छुक हो, तो उस स्थिति में उस व्यक्ति/समूह द्वारा उत्तर प्रदेश मे एक इकाई पंजीकृत कराते हुए, प्रदेश के 25 अथवा अधिक हथकरघा बुनकरों का समूह गठित कर क्लस्टर के रूप में क्रियान्वित किया जा सकता है।

iv. एक क्लस्टर में वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले सदस्य हथकरघा बुनकरों की अधिकतम संख्या 100 होगी।

b. हथकरघा क्लस्टर के बुनकर सदस्यों हेतु पात्रता की शर्तें :-

i. बुनकर सदस्य के पास हथकरघा बुनकर पहचान-पत्र हो, जो विभागीय वेब पोर्टल handloom.upsdc.gov.in पर बुनकर द्वारा ऑनलाइन आवेदन करके प्राप्त किया जा सकेगा। बुनकर ई-पहचान-पत्र का प्रारूप अनुलग्नक-4 के अनुसार होगा, जिसके कन्टेन्ट एवं डिजाइन में परिवर्तन समय-समय पर आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोउद्योग द्वारा किया जा सकेगा।

ii. आधार प्रमाणीकरण हेतु आधार नं0 के साथ सम्बद्ध मोबाइल नम्बर सक्रिय हो।

iii. बुनकर सदस्यों के सक्रिय बैंक खाते हों।

iv. ऐसे बुनकर, जो पूर्व में (विगत 05 वर्षों में) "हथकरघा एवं सहवर्ती उपकरणों के क्रय" तथा "कार्यशाला निर्माण" हेतु वित्तीय सहायता से भारत सरकार/राज्य सरकार की किसी अन्य योजनान्तर्गत लाभान्वित हो चुके हैं, उन बुनकरों को इस योजना में क्लस्टर के अन्तर्गत सम्मिलित तो किया जायेगा, परन्तु सम्बन्धित घटकों में वित्तीय सहायता अनुमन्य नहीं होगी।

c. क्लस्टर की व्यवसायिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का संचालन एवं अभिलेखों का रख-रखाव:-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

i. क्लस्टर की व्यवसायिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का संचालन एवं अभिलेखों का रख-रखाव क्लस्टर सचिव द्वारा किया जायेगा।

ii. यदि हथकरघा क्लस्टर का गठन प्रस्तर 3.a.ii अथवा 3.a.iii के अनुसार होता है, तो उस स्थिति में सम्बन्धित इकाई में से एक व्यक्ति को क्लस्टर सचिव के रूप में चयनित किया जायेगा तथा इकाई द्वारा अपने अन्य मानव संसाधन के साथ क्लस्टर सचिव की अध्यक्षता में क्लस्टर की व्यवसायिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का संचालन एवं अभिलेखों का रख-रखाव सम्पादित किया जायेगा।

(4) योजना अवधि एवं क्लस्टर क्रियान्वयन अवधि :-

a) **योजना अवधि :-** योजनान्तर्गत नये क्लस्टरों को स्वीकृत करने हेतु योजना की अवधि 05 वर्ष होगी, जो योजना के प्रख्यापित होने की तिथि से 05 वर्ष तक होगी।

b) **क्लस्टर क्रियान्वयन अवधि :-**

i. योजनान्तर्गत वित्तीय सहायता के माध्यम से क्लस्टर क्रियान्वयन की अवधि 05 वर्ष होगी। अनुमोदित परियोजना रिपोर्ट के सापेक्ष वित्तीय सहायता की प्रथम किस्त के कोषागार से अवमुक्ति की तिथि से "क्लस्टर क्रियान्वयन अवधि" प्रारम्भ होगी।

ii. जो क्लस्टर योजना अवधि में स्वीकृत होंगे, उन क्लस्टरों के सापेक्ष योजनान्तर्गत अनुमन्य वित्तीय सहायता, योजना अवधि समाप्त होने के पश्चात भी, क्लस्टर क्रियान्वयन अवधि तक देय होगी।

(5) नोडल कार्यालय:-

सम्बन्धित परिक्षेत्रीय उप आयुक्त/सहायक आयुक्त, हथकरघा का कार्यालय योजना के क्रियान्वयन हेतु नोडल कार्यालय होगा। नोडल कार्यालय के निम्नलिखित कार्य एवं दायित्व होंगे:-

a) योजना का प्रचार-प्रसार करना।

b) हैण्डलूम पॉकेटों को चिन्हित करते हुए हथकरघा क्लस्टर बनने की संभावनाओं की तलाश करना एवं निर्धारित प्रारूपों (अनुलग्नक-2'अ' व 2'ब') पर बेसलाइन सर्वे रिपोर्ट तैयार करना।

c) तैयार बेसलाइन सर्वे रिपोर्ट को परिक्षेत्र स्तरीय अनुश्रवण समिति के समक्ष प्रस्तुत करके संस्तुति प्राप्त करना तथा राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति से बेसलाइन सर्वे रिपोर्ट के अनुमोदन हेतु मुख्यालय प्रेषित करना।

d) अनुमोदित बेसलाइन सर्वे रिपोर्ट के आधार पर डी0पी0आर0 निर्माण हेतु मुख्यालय से वित्तीय सहायता की मांग करना।

e) डी0पी0आर0 निर्माण हेतु निविदा के माध्यम से कार्यदायी संस्था के चयन की प्रक्रिया सुनिश्चित करना।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

f) चयनित कार्यदायी संस्था से डी0पी0आर0 निर्मित कराना एवं सक्षम समितियों से डी0पी0आर0 अनुमोदित कराना तथा अनुमोदित डी0पी0आर0 के आधार पर मुख्यालय से वित्तीय सहायता की मांग करना।

g) हथकरघा क्लस्टर से सम्बन्धित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करना।

h) हथकरघा एवं सहवर्ती उपकरणों के क्रय हेतु निविदा के माध्यम से आपूर्तिकर्ता फर्म को चयनित करना।

i) योजनान्तर्गत वित्तीय सहायता के सापेक्ष लाभार्थी से बुनकर अंश सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता फर्म के बैंक खाते में जमा करवाना।

j) योजनान्तर्गत अवमुक्त वित्तीय सहायता का सदुपयोग सुनिश्चित करना।

(6) योजनान्तर्गत वित्तीय सहायता के घटक:-

a) योजनान्तर्गत गठित हथकरघा क्लस्टर की विभिन्न व्यवसायिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों हेतु वित्तीय सहायता के माध्यम से क्लस्टर की परियोजना का क्रियान्वयन 05 वर्ष तक किया जायेगा। वित्तीय सहायता के मुख्य घटक एवं उपघटक का विवरण निम्नवत् हैं :-

(अ)	**योजना का प्रचार-प्रसार, रिपोर्ट का निर्माण, योजनान्तर्गत सलाहकारों की नियुक्ति तथा ऑनलाइन क्रियान्वयन**	
	अ-1	योजना का प्रचार-प्रसार एवं बेसलाइन सर्वेक्षण रिपोर्ट का निर्माण
	अ-2	परियोजना रिपोर्ट का निर्माण
	अ-3	योजनान्तर्गत सलाहकारों की नियुक्ति
	अ-4	ऑनलाइन क्रियान्वयन
(ब)	**हथकरघा क्लस्टर हेतु वित्तीय सहायता- रू0 250 लाख प्रति क्लस्टर की अधिकतम सीमा तक**	
	ब-1	हथकरघा एवं सहवर्ती उपकरणों की आपूर्ति
	ब-2	कार्यशाला निर्माण
	ब-3	क्लस्टर सचिव को पारिश्रमिक
	ब-4	डिजाइन विकास
	ब-5	मास्टर वीवर को पारिश्रमिक
	ब-6	उत्पाद विकास
	ब-7	प्रशिक्षण
	ब-8	एक्सपोजर विजिट
	ब-9	वस्त्र उत्पादों का प्रचार-प्रसार
	ब-10	कार्यालय अवसंरचना एवं रखरखाव

b) वित्तीय सहायता के माध्यम से चरणबद्ध विकास करके क्लस्टर को आत्मनिर्भर बनाना:-

वित्तीय सहायता के उपर्युक्त घटकों के माध्यम से हथकरघा क्लस्टर का चरणबद्ध विकास किया जायेगा, जिससे हथकरघा क्लस्टर को वित्तीय परिपक्वता तक पहुँचने, स्वतंत्र प्रबंधन क्षमता विकसित करने, क्रेताओं के साथ सामंजस्य स्थापित करने और आत्मनिर्भर संचालन की ओर अग्रसर होने में सहायता प्राप्त होगी। क्लस्टर के चरणबद्ध विकास के अन्तर्गत वित्तीय सहायता की देयता अवधि निम्नवत् होगी:-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

i. **प्रथम चरण :-** क्लस्टर क्रियान्वयन अवधि का प्रथम चरण 01 वर्ष में पूर्ण होगा। इस चरण के अन्तर्गत उप-घटक 'ब-1', 'ब-2' में अनुमन्य वित्तीय सहायता की देयता अवधि पूर्ण होगी।

ii. **द्वितीय चरण :-** क्लस्टर क्रियान्वयन अवधि का द्वितीय चरण 03 वर्ष में पूर्ण होगा। इस चरण के अन्तर्गत उप-घटक 'ब-4', 'ब-5', 'ब-6', 'ब-7', 'ब-8', 'ब-9', 'ब-10' में अनुमन्य वित्तीय सहायता की देयता अवधि पूर्ण होगी।

iii. **तृतीय चरण :** क्लस्टर क्रियान्वयन अवधि का तृतीय चरण 05 वर्ष में पूर्ण होगा। इस चरण के अन्तर्गत उप-घटक 'ब-3' में अनुमन्य वित्तीय सहायता की देयता अवधि पूर्ण होगी।

c) क्रियान्वयन अवधि के विभिन्न चरणों की प्रथम एवं अन्तिम तिथि का निर्धारण :-

i. किसी भी क्लस्टर की क्रियान्वयन अवधि के विभिन्न चरणों की प्रारम्भ होने की तिथि एवं समाप्त होने की तिथि के निर्धारण के सम्बन्ध में यह उल्लेखनीय है कि उस चरण से सम्बन्धित घटकों के क्रियान्वयन का प्रथम दिवस, उस घटक के अन्तर्गत प्रथम किश्त प्राप्त होने की तिथि से प्रारम्भ होगा।

ii. किसी भी हथकरघा क्लस्टर की वित्तीय एवं व्यवहारिक परिस्थितियों की आवश्यकतानुसार उपर्युक्त चरणों की क्रियान्वयन अवधि की तिथियों में परिवर्तन "राज्य स्तरीय समिति" के अनुमोदनोपरान्त किया जा सकेगा।

(7) उप घटक- 'अ-1' ''योजना का प्रचार-प्रसार एवं बेसलाइन सर्वेक्षण रिपोर्ट का निर्माण'':-

a) इस उपघटक के अंतर्गत रू0 50 लाख प्रतिवर्ष की सीमा तक वित्तीय सहायता अनुमन्य होगी।

b) प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों द्वारा मुख्यालय स्तर एवं परिक्षेत्र स्तर पर योजना का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। प्रचार-प्रसार के अन्तर्गत योजना के उद्देश्यों, प्रावधानों एवं लाभों की प्रभावी जानकारी बुनकरों को उपलब्ध करायी जायेगी।

c) परिक्षेत्र स्तर पर बुनकरों के मध्य योजना का प्रचार-प्रसार हथकरघा बुनकर क्षेत्रों में कैम्प लगाकर एवं अन्य माध्यमों से किया जायेगा तथा निर्धारित प्रारूप पर बेसलाइन सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार की जायेगी।

d) बेसलाइन सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने के सम्बन्ध में 25 अथवा 25 से अधिक हथकरघा बुनकरों का क्लस्टर गठित करके उसे इकाई/फर्म/समिति के रूप में पंजीकृत कराया जायेगा तथा पंजीकृत इकाई/फर्म/समिति द्वारा अनुमन्य वित्तीय सहायता हेतु डी0पी0आर0 तैयार कराने के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप (अनुलग्नक-3) पर आवेदन-पत्र (वांछित दस्तावेजों सहित) सम्बन्धित परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त, हथकरघा के कार्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा। आवेदन-पत्र तैयार करने के सम्बन्ध में परिक्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आवश्यक सहयोग (handholding) प्रदान किया जायेगा।

(8) उप घटक-'अ-2' ''परियोजना रिपोर्ट का निर्माण'' :-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

a) परियोजना रिपोर्ट के निर्माण हेतु प्रत्येक परिक्षेत्र में एक कार्यदायी संस्था/फर्म का चयन जेम पोर्टल पर बिड के माध्यम से किया जायेगा जो उस परिक्षेत्र के समस्त क्लस्टरों की परियोजना रिपोर्ट का निर्माण करेगी।

b) यदि किसी परिक्षेत्र में कई क्लस्टरों की परियोजना रिपोर्ट एक ही समय पर निर्मित करने के कारण, डी0पी0आर0 के निर्माण में अधिक समय लग रहा है, तो उस स्थिति में उस परिक्षेत्र में एक से अधिक कार्यदायी संस्थाओं का चयन किया जा सकता है।

c) यह कार्यदायी संस्था हथकरघा क्लस्टर हेतु SWOT एनालिसिस करके विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी0पी0आर) का निर्माण करेगी।

d) वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए परियोजना रिपोर्ट के अन्तर्गत अन्य प्रपत्रों के साथ निम्नलिखित प्रपत्र अनिवार्य रूप से संलग्न किये जायेंगे।

i. समिति/इकाई/फर्म के रूप में क्लस्टर का पंजीकरण प्रमाण-पत्र ।

ii. क्लस्टर के बुनकर सदस्यों का हथकरघा बुनकर पहचान-पत्र ।

iii. क्लस्टर की बैंक पासबुक ।

iv. सदस्य बुनकरों के बैंक खाते की पासबुक ।

v. क्लस्टर के बुनकर सदस्यों की फैमिली आई0डी0 ।

e) कार्यदायी संस्था/फर्म को सेवा-शुल्क का भुगतान – कार्यदायी संस्था/फर्म के चयन हेतु जेम पोर्टल पर ई-बिड के माध्यम से प्रति क्लस्टर सेवा-शुल्क की दर का जो प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य निर्धारित होगा, उसका भुगतान इस उप घटक के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था द्वारा निर्मित परियोजना रिपोर्ट के राज्यस्तरीय क्लस्टर अनुश्रवण समिति से अनुमोदित होने के उपरान्त किया जायेगा।

(9) उप घटक-'अ-3' "सलाहकारों की नियुक्ति":-

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दो (02) सेक्टर-विशेषज्ञ सलाहकारों की नियुक्ति जेम पोर्टल के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मक सेवा शुल्क के आधार पर की जायेगी ।

a) सेक्टर -विशेषज्ञ सलाहकार के कार्य-दायित्व:-

i- योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु तकनीकी, क्षेत्रीय एवं रणनीतिक परामर्श प्रदान करना। साथ ही योजना के ऑनलाइन क्रियान्वयन हेतु परामर्श प्रदान करना।

ii- योजना की गतिविधियों की रूपरेखा, कार्य-योजना एवं क्रियान्वयन रणनीति के निर्माण में सहयोग देना।

iii- संचालित गतिविधियों की प्रगति की नियमित समीक्षा एवं मूल्यांकन करना।

iv- कार्यान्वयन के दौरान क्लस्टरों में उत्पन्न चुनौतियों की पहचान एवं समाधान हेतु क्लस्टर का समय-समय पर भ्रमण कर सुधारात्मक सुझाव प्रस्तुत करना।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

v- संबंधित हितधारकों, एजेंसियों एवं इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित करने में तकनीकी सहयोग प्रदान करना।

vi- आवश्यकतानुसार निविदा-प्रपत्रों का निर्माण, परीक्षण एवं तकनीकी सहायता प्रदान करना।

vii- आवश्यकतानुसार रिपोर्ट, प्रस्तुतिकरण एवं विश्लेषण उपलब्ध कराना।

viii- योजना के निर्धारित लक्ष्यों एवं अपेक्षित परिणामों की प्राप्ति हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना।

b) टेक्सटाइल सेक्टर विशेषज्ञ सलाहकार की योग्यता-

सलाहकारों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव निम्नवत होंगे-

i- शैक्षिक योग्यता- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यलय/संस्थान से टेक्सटाइल टेक्नोलाजी/टेक्सटाइल इंजिनियरिंग/ हथकरघा प्रौद्योगिकी अथवा वस्त्र क्षेत्र की किसी अन्य प्रौद्योगिकी में बी.टेक/बी.ई. अथवा समकक्ष स्नातक उपाधि।

ii- अनुभव- हथकरघा/वस्त्र क्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।

c) आई0टी0 सेक्टर विशेषज्ञ सलाहकार की योग्यता-

i- **शैक्षिक योग्यता:-** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सूचना प्रौद्योगिकी/कम्प्यूटर साइंस/कम्प्यूटर इंजीनियरिंग/अथवा सूचना प्रौद्योगिकी की किसी अन्य विधा में बी.टेक./बी.ई./बी.एस./एम.सी.ए. अथवा समकक्ष उपाधि।

ii- **अनुभव:-** कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।

d) सेवा-प्रदाता फर्म से सलाहकारी सेवाएं प्राप्त करना- उपरिवर्णित योग्यताधारक सलाहकारों की सेवाएं, जेम पॉर्टल द्वारा चयनित फर्म से आउटसोर्स की जायेंगी। सेवा प्रदाता फर्म द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा, कि फर्म द्वारा निदेशालय को उपलब्ध कराये जाने सलाहकार उपरिवर्णित योग्यताधारक हों तथा प्रस्तर-10 (a) में वर्णित "सेक्टर-विशेषज्ञ सलाहकार के कार्य-दायित्व का निर्वहन करने हेतु व्यवहारिक ज्ञान भी हो।

e) सलाहकारी सेवाओं के सापेक्ष सेवा शुल्क का भुगतान-

सेवा प्रदाता फर्म के चयन हेतु जेम पोर्टल पर ई-बिड के माध्यम से सेवा शुल्क का जो प्रतिस्पर्द्धात्मक मूल्य निर्धारित होगा, उसका भुगतान इस उप-घटक के अन्तर्गत देय होगा।

(10) उप घटक-'अ-4' ''योजना का ऑनलाइन क्रियान्वयन'' :-

a) योजना के प्रभावी एवं तीव्र गति से क्रियान्वयन हेतु वेबपोर्टल को विकसित कराकर योजना का ऑनलाइन क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा तथा समय-समय पर आवश्यकतानुसार वेबपोर्टल को संशोधित

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

कराते हुए, वेबपोर्टल का अनुरक्षण कराया जायेगा। समुचित वेबपोर्टल के निर्माण हेतु सलाहकार से आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जायेगा।

b) वेबपोर्टल के निर्माण, क्रियान्वयन एवं अनुरक्षण से सम्बन्धित समस्त विविध व्ययों का भुगतान इस उप-घटक के अन्तर्गत किया जायेगा।

c) वेबपोर्टल का निर्माण : निक्सी (NICSI) / आई०टी० एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा प्राधिकृत संस्था से अथवा जेम पोर्टल के माध्यम से चयनित अन्य सेवा प्रदाता संस्था / फर्म से वेबपोर्टल का निर्माण कराया जायेगा।

d) निक्सी (NICSI)/आई०टी० एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा प्राधिकृत संस्थाओं से प्राप्त की जाने वाली सेवाओं के सापेक्ष सेवा-शुल्क का भुगतान इन संस्थाओं द्वारा निर्धारित सेवा शुल्क के अनुसार देय होगा।

e) जेम पोर्टल के माध्यम से चयनित सेवा प्रदाता संस्था से प्राप्त की जाने वाली सेवाओं के सापेक्ष सेवा-शुल्क का भुगतान, जेम पोर्टल पर ई-बिड प्रक्रिया द्वारा निर्धारित प्रतिस्पर्द्धात्मक मूल्य के अनुसार देय होगा।

f) इस उपघटक के अंतर्गत रु.50.00 लाख प्रतिवर्ष की अधिकतम सीमा तक वित्तीय सहायता अनुमन्य होगी |

(11) उप घटक 'ब-1' हथकरघा एवं सहवर्ती उपकरणों की आपूर्ति:-

इस घटक के अन्तर्गत क्लस्टर के प्रत्येक हथकरघा बुनकर को आवश्यकतानुसार हथकरघा एवं सहवर्ती उपकरणों के क्रय हेतु वित्तीय सहायता निम्नानुसार देय होगी :-

a) वास्तविक क्रय मूल्य अथवा अनुलग्नक-1 के अनुसार निर्धारित क्रय मूल्य में से जो भी कम हो, की 90 प्रतिशत धनराशि वित्तीय सहायता के रूप में देय होगी। शेष धनराशि लाभार्थी द्वारा स्वयं के स्रोतों से वहन की जायेगी।

b) योजनान्तर्गत वित्तीय सहायता के व्यय-भार को कम करने के लिए, अन्य योजनाओं के अन्तर्गत हथकरघा एवं सहवर्ती उपकरणों के क्रय हेतु अनुमन्य वित्तीय सहायता से बुनकर को लाभान्वित कराया जायेगा। अन्य योजना से लाभान्वित होने की स्थिति में, इस घटक के अन्तर्गत परियोजना लागत का आगणन शून्य होगा।

c) हथकरघा एवं सहवर्ती उपकरणों का क्रय प्रचलित मानकों के आधार पर करने हेतु आपूर्तिकर्ता फर्म का चयन सम्बन्धित परिक्षेत्रीय कार्यालय द्वारा जेम पोर्टल पर ई-बिड के माध्यम से किया जायेगा।

d) वित्तीय सहायता का आगणन विक्रेता फर्म से प्राप्त कर डी0पी0आर0 में संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

e) अनुलग्नक-1 में निर्धारित क्रय मूल्य में परिवर्तन निदेशक के अनुमोदनोपरान्त किया जा सकेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(12) उप घटक 'ब-2' कार्यशाला निर्माण :-

इस घटक के अन्तर्गत क्लस्टर के सदस्य बुनकर को न्यूनतम 25 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर एक कार्यशाला निर्मित करने हेतु अधिकतम रू0 1,50,000/- प्रति बुनकर की दर से अनुदान देय होगा। कार्यशाला निर्माण हेतु शेष धनराशि लाभार्थी द्वारा स्वयं के स्रोतों से वहन की जायेगी। इस घटक के अन्तर्गत वित्तीय सहायता उसी स्थिति में देय होगी, जबकि :-

a) कार्यशाला निर्माण हेतु आवश्यक भूमि लाभार्थी के नाम हो अथवा लाभार्थी के पति/पत्नी/पिता/ माता/पुत्र/पुत्री के नाम पर हो।

b) भूमि की रजिस्ट्री लाभार्थी के पति/पत्नी/पिता/माता/पुत्र/पुत्री के नाम पर होने की स्थिति में, भूमि-मालिक द्वारा अपनी भूमि पर कार्यशाला के निर्माण एवं संचालन हेतु लाभार्थी के पक्ष में भूमि दिये जाने का नोटरी शपथ-पत्र संलग्न किया जायेगा।

c) वित्तीय सहायता का आगणन एवं अभिलेख डी0पी0आर0 में संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

(13) उप घटक 'ब-3' क्लस्टर सचिव को पारिश्रमिक :-

हथकरघा क्लस्टर की वाणिज्यिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से सम्बन्धित अभिलेखों एवं एकाउन्ट्स का रखरखाव क्लस्टर सचिव द्वारा किया जायेगा। हथकरघा क्लस्टर के आकार (बुनकर सदस्यों की संख्या), क्लस्टर की भौगोलिक संरचना तथा क्लस्टर की कार्यात्मक आवश्यकतानुसार प्रत्येक क्लस्टर में एक क्लस्टर सचिव अथवा दो/दो से अधिक क्लस्टरों हेतु, एक क्लस्टर सचिव का चयन सम्बन्धित परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त द्वारा किया जाएगा| कार्यक्षेत्र के अनुसार क्लस्टर सचिव की योग्यता एवं पारिश्रमिक निम्नवत् होंगे :-

a) **एकल क्लस्टर सचिव:-** एक ही क्लस्टर का कार्य सम्पादित करने हेतु एकल क्लस्टर सचिव को उसकी कार्य निष्पादन के अनुसार पारिश्रमिक निम्नवत् होगा :-

i. यदि क्लस्टर में बुनकरों की संख्या 25 है, तो क्लस्टर से सम्बन्धित अभिलेखों के रख-रखाव हेतु एकल क्लस्टर सचिव को रू0 30,000/- प्रति माह का पारिश्रमिक देय होगा।

ii. यदि क्लस्टर में बुनकर सदस्यों की संख्या 25 से अधिक है, तो पारिश्रमिक रू0 30,000/- प्रति माह के साथ, रू0 200/- प्रति अतिरिक्त बुनकर प्रति माह की दर से बोनस पारिश्रमिक देय होगा।

b) **बहु क्लस्टर सचिव :-** दो या दो से अधिक क्लस्टर का कार्य सम्पादित करने हेतु नियुक्त बहु क्लस्टर सचिव को कुल पारिश्रमिक के रूप में मूल पारिश्रमिक, बोनस पारिश्रमिक, अतिरिक्त क्लस्टर भत्ता निम्नानुसार देय होगा :-

i. मूल पारिश्रमिक - रू0 30,000/- प्रति माह

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

ii. बोनस पारिश्रमिक - रू0 200/- प्रति अतिरिक्त बुनकर प्रति माह (किसी भी क्लस्टर में 25 बुनकर सदस्यों के अतिरिक्त अन्य समस्त बुनकर अतिरिक्त बुनकर की श्रेणी में आगणित किये जायेंगे।)

c) क्लस्टर सचिव की योग्यता :-

i. शैक्षिक योगयता: एकाउन्टिंग विषय से इण्टरमीडिएट अथवा समकक्ष तथा कम्प्यूटर पर एम०एस० वर्ड, एक्सेल एवं एकाउन्टिंग का सामान्य ज्ञान हो।

ii. अनुभव :- न्यूनतम 01 वर्ष ।

d) सेवा-प्रदाता फर्म से क्लस्टर सचिव की सेवाएं प्राप्त करना :

उपरिवर्णित योग्यताधारक क्लस्टर सचिवं की सेवाएं, जेम पोर्टल द्वारा चयनित फर्म से आउटसोर्स की जायेंगी। सेवा प्रदाता फर्म द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा, कि फर्म द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले क्लस्टर सचिव उपरिवर्णित योग्यताधारक हों।

e) क्लस्टर सचिव की सेवाओं के सापेक्ष सेवा शुल्क का भुगतान :-

i. सेवा-प्रदाता फर्म के चयन हेतु जेम पोर्टल पर ई-बिड के माध्यम से सेवा शुल्क का जो प्रतिस्पर्द्धात्मक मूल्य निर्धारित होगा, उसका भुगतान इस उप-घटक के अन्तर्गत देय होगा।

ii. यदि हथकरघा क्लस्टर का गठन प्रस्तर 3.a.ii अथवा 3.a.iii के अनुसार होता है, तो उस स्थिति में सम्बन्धित इकाई में क्लस्टर सचिव के कार्य निष्पादन हेतु प्रस्तर 13.d के अनुसार कार्यवाही की जा सकती है और इकाई द्वारा स्वयं के सदस्यों में से भी चयन किया जा सकता है। इकाई द्वारा स्वयं के स्तर से क्लस्टर सचिव का चयन करने पर, क्लस्टर सचिव का परिश्रमिक इकाई द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा।

(14) उप घटक 'ब-4' डिजाइन विकास:-

a) डिजाइन विकास की सेवाएं:-

i- क्लस्टरों में आधुनिक डिजाइन, उत्पाद विविधता, गुणवत्ता मानकीकरण का अभाव, घरेलू/निर्यात बाजारों से सीधा जुड़ाव न होना, बड़े आर्डर एवं ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग की कमी आदि हथकरघा क्लस्टर की विभिन्न समस्याएं है। इस समस्याओं के समाधान हेतु "डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव" अथवा "डिजाइन हाउस/सोर्सिंग-बायिंग एजेन्सी/एक्सपोर्ट हाउस" की सेवाएं प्राप्त की जायेंगी।

ii- यदि किसी परिक्षेत्र में क्लस्टरों की संख्या पाँच (05) से कम हो, तो उस परिक्षेत्र के लिए "डिज़ाइनर-कम-मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव" की सेवाएँ प्राप्त की जाएँगी।

http://shasanadesh.up.gov.in

iii- यदि किसी परिक्षेत्र में क्लस्टरों की संख्या पाँच (05) अथवा उससे अधिक हो, तो "डिज़ाइन हाउस/ सोर्सिंग-बायिंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउस" की सेवाएँ प्राप्त की जाएँगी।

iv- क्लस्टरों की संख्या 05 से कम होने की स्थिति में भी यदि किसी "डिज़ाइन हाउस/सोर्सिंग-बायिंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउस" द्वारा सेवाओं हेतु अभिरूचि को अभिव्यक्त किया जाता है, तो उस स्थिति में "डिज़ाइन हाउस/सोर्सिंग-बायिंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउस" की सेवाएँ प्राप्त की जा सकेंगी।

v- यदि किसी परिक्षेत्र में पाँच (05) अथवा उससे अधिक क्लस्टर विकसित होने की संभावना न हो या क्लस्टर विकसित न हो पाएँ, तो संबंधित परिक्षेत्र के क्लस्टरों को समीपवर्ती परिक्षेत्रों के क्लस्टरों के साथ समाहित कर न्यूनतम पाँच (05) क्लस्टरों की शर्त पूर्ण की जाएगी।

vi- यदि उपर्युक्त व्यवस्था के अंतर्गत भी न्यूनतम पाँच (05) क्लस्टरों की शर्त पूर्ण करना संभव न हो, तो संबंधित परिक्षेत्र के समस्त क्लस्टरों को समीपवर्ती परिक्षेत्र में पूर्व से कार्यरत "डिज़ाइन हाउस/सोर्सिंग-बायिंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउस" के साथ लिंक करते हुए योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा।

b) "डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव"

i- कार्य एवं दायित्व- "डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव के कार्य एवं दायित्व निम्नवत होंगे-

1- डिजाइन विकास-प्रति माह ग्राफ पेपर पर 05 नई डिजाइन विकसित करना। योजना के क्रियान्वयन हेतु विकसित ऑनलाइन डिजाइन लाइब्रेरी में विकसित डिजाइन को संग्रहीत करना।

2- मार्केटिंग एवं बिक्री-विकसित डिजाइन के अनुसार उत्पादित वस्त्रों के फोटो एवं वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर उनकी मार्केटिंग करना तथा बिक्री हेतु प्रोडक्शन आर्डर प्राप्त करना।

ii - डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव को पारिश्रमिक का भुगतान- डिजाइनर-कम- मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव द्वारा संपादित सेवाओं के सापेक्ष पारिश्रमिक के भुगतान हेतु इस घटक के अन्तर्गत अधिकतम धनराशि रू0 1,00,000.00 की सीमा तक प्रति माह अनुदान, कार्य निष्पादन के आधार पर देय होगा। "डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव" द्वारा संपादित कार्य की मात्रा एवं गुणवत्ता तथा क्लस्टर के कार्य सम्पादन की विभिन्न परिस्थितियों का "डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव के कार्य सम्पादन पर प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कार्य निष्पादन के मूल्यांकन हेतु आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग द्वारा एस0ओ0पी0 निर्गत की जायेगी।

iii- डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की योग्यता/चयन:- निफ्ट/एन0आई0डी0 अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त संस्थान से उत्तीर्ण, जिसके पास न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव हो, को क्लस्टर में डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव के कार्य हेतु निम्नलिखित में से किसी एक प्रक्रिया के माध्यम से चयन किया जायेगा। अधिक अनुभव को वरीयता दी जायेगी :-

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव का चयन जेम पोर्टल/ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से कार्यात्मक आवश्यकतानुसार आउटसोर्सिंग के आधार पर किया जायेगा।

अथवा

2- ऐसी संस्था/फर्म, जो बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर "डिजाइनर-कम मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव" की सेवाएं प्रदान करने के लिए उपलब्ध हों, का चयन करके भी "डिजाइनर-कम मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव" की सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं।

c) **डिजाइन हाउस, सोर्सिंग-बायिंग एजेन्सी, एक्सपोर्ट हाउस-**

i. डिज़ाइन एवं उत्पाद विकास :-

1) बाज़ार प्रवृत्तियों के अनुरूप नए और प्रासंगिक डिज़ाइनों का विकास एवं प्रस्तुतीकरण।

2) उत्पाद-विविधीकरण हेतु नई उत्पाद श्रेणियों एवं वेरिएंट्स को विकसित एवं शामिल करना।

3) निर्धारित समयसीमा में प्रोटोटाइप/सैंपल तैयार कर उनकी समय पर स्वीकृति सुनिश्चित करना।

4) विकसित डिजाइन के अनुसार सैम्पल विकसित करके प्रोडक्शन आर्डर प्राप्त करना।

5) प्राप्त वर्क आर्डर के सापेक्ष गुणवत्ता के मानदण्ड सुनिश्चित करते हुए बुनकरों को मार्गदर्शन देकर कच्चा माल क्रय कराना, वस्त्र उत्पादन कराना एवं वर्क आर्डर देने वाली संस्था/फर्म को उत्पादित माल की आपूर्ति सुनिश्चित कराना तथा आपूर्ति के सापेक्ष भुगतान सुनिश्चित कराना।

ii.गुणवत्ता एवं आपूर्ति-श्रृंखला :-

1) गुणवत्ता मानकों के अनुरूप उत्पादों का निर्माण एवं निरंतर अनुपालन सुनिश्चित करना।

2) पैकेजिंग एवं उत्पाद प्रस्तुति की गुणवत्ता को ग्राहक अपेक्षाओं के अनुसार बनाए रखना।

3) आपूर्ति-श्रृंखला का प्रभावी प्रबंधन करते हुए समय पर डिलीवरी एवं लागत दक्षता सुनिश्चित करना।

iii.बाज़ार संपर्क एवं बी-टू-बी समन्वय :-

1) खरीददारों, निर्माताओं तथा निर्यातक-क्लस्टरों के बीच प्रभावी व्यावसायिक समन्वय स्थापित करना।

2) निर्यात बाज़ारों से नए बी-टू-बी संपर्क/लीड्स विकसित करना एवं व्यावसायिक नेटवर्क का विस्तार करना।

3) बी-टू-बी बैठकों एवं संवादों को बिजनेस ऑर्डरों में परिवर्तित करने की दिशा में कार्य करना।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

iv- डिजिटल मार्केटिंग, ब्रांड-निर्माण एवं बिक्री :-

1) डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से ब्रांड की दृश्यता, बाज़ार पहुँच तथा व्यावसायिक पहचान को सुदृढ़ करना।

2) डिजिटल मार्केटिंग द्वारा संभावित ग्राहकों (लीड्स) का सृजन करना।

3) उत्पन्न लीड्स को सक्रिय रूप से फॉलो-अप कर उन्हें वास्तविक बिक्री एवं ऑर्डरों में परिवर्तित करना।

4) डिजिटल व बी-टू-बी चैनलों के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से बिक्री हेतु ऑर्डर प्राप्त करना एवं राजस्व वृद्धि सुनिश्चित करना।

5) बड़े, मूल्यवान तथा दोहराए जाने वाले (repeat) ऑर्डरों को सक्षम करने हेतु ब्रांड की विश्वसनीयता, ग्राहक-संबंध एवं दीर्घकालिक साझेदारी विकसित करना।

v- डिजाइन हाउस/सोर्सिंग-बायिंग एजेन्सी/एक्सपोर्ट हाउस का चयन:-

1) डिज़ाइन हाउस/सोर्सिंग-बायिंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउस का चयन की व्यवस्था संबंधित क्लस्टरों के विशिष्ट उत्पाद-प्रकार, उत्पादन परंपरा तथा लक्षित बाज़ारों की आवश्यकताओं के अनुरूप निर्धारित तकनीकी, गुणवत्ता एवं बाज़ार-मानकों के आधार पर किया जायेगा।

